ADITYA BIRLA

HINDALCO

दिनांक : 28.07.2021

सेवा में,
प्रभागीय वनाधिकारी
रेणुकूट वन प्रभाग
रेणुकूट, सोनभद्र, उ0प्र0

विषयः जनपद–सोनभद्र के रेणुकूट वन प्रभाग के अन्तर्गत मैं0 रेणुसागर पावर कम्पनी को ऐश डिस्पोजल यार्ड के निर्माण हेतु 10 वर्षो की लीज (21.06.2009 से 20.06.2019 तक के लिये) दी गयी 61.2348 हे0 वनभूमि के लीज नवीनीकरण के संबंध में।

संदर्भः 1. भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली का पत्रांक 8–05/1993–एफ0सी0(पी0टी01) दिनांक 15.07.2021

2. मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, लखनऊ का पत्रांक 200/11–सी FP/UP/IND/39403/2019 दिनांक 16.07.2021

3. आपका पत्रांक 183/ रेनुकूट/ 15–31 दिनांक 17.07.2021 ।

महोदय,

विषयक प्रकरण में संदर्भित पत्रों का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें ।

उपरोक्त पत्र द्वारा आपने पॉच बिन्दुओं से संबंधित वांछित सूचना/ अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है। जिसका विवरण निम्न प्रकार हैः–

शर्त सं0	विवरण	अनुपालन आख्या
I	The complete compliance of conditions stipulated in Ministry's Stage-II/ Final approval letter No. 8-05/ 1993-FC (Pt.) dated 23.08.2018 has to be submitted.	इस संबंध में अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा निर्गत अंतिम स्वीकृति आदेश सं0 8–05/1993–एफ.सी. (पी.टी) दिनांक 23.08.2018 की अनुपालन आख्या हिण्डालको संस्थान ने अपने पत्र दिनांक 13.07.2020 द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी, रेणुकूट के कार्यालय में उपलब्ध करा दिया गया है । उक्त पत्र की छायाप्रति अपने अवलोकनार्थ पुनः इस पत्र के साथ **संलग्नक–1** के रूप में संलग्न है ।
ii.	The State Govt. shall submit the status of the notification for declaring the area acquired for Compensatory Afforestation as RF/PF along with present status of the compensatory afforestation has to be submitted.	इस बिन्दु का उत्तर वन विभाग द्वारा दिया जाना है ।
iii.	Validity of lease under FCA,1980 has already expired, therefore it needs to be ascertained that violation of the Forest (Conservation) Act, 1980 has taken place or not. A report in this regard may be submitted.	इस संबंध में अवगत कराना है कि नवीनीकरण (21.06.2019 से 20.06.2029 तक) प्रस्ताव संख्या FP/UP/IND/39403/2019 एम.ओ.ई.एफ. पोर्टल में हिण्डालको संस्थान द्वारा दिनांक 15.03.2019 को लीज अवधि समाप्त होने से तीन माह पूर्व ही अपलोड कर दिया गया था। इससे टाईमलाइन की छायाप्रति **संलग्नक–2** के रूप में संलग्न है ।

Hindalco Industries Limited
P.O. Renukoot-231217, District, Sonebhadra, Uttar Pradesh, India
T: +91 5446 252077-79/254791-96 I Fax: +91 5446 252107/252427 I E: hindalco@adityabirla.com I W: www.hindalco.com
Registered Office: Ahura Centre, 1st Floor, B Wing, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai 400 093
T: +91 22 6691 7000 I Fax: 91 22 6691 7001
Corporate ID No.: L27020MH1958PLC011238

ADITYA BIRLA

HINDALCO

iv.	Reasons/justification for seeking renewal of forest diversion lease after every 10 years under Forest (Conservation) Act, 1980 need submission.	इस संबंध में अवगत कराना है कि प्रथम आवंटित लीज की अवधि 10 वर्ष की थी इसलिये उसी के अनुसार नवीनीकरण किया जा रहा है । यद्यपि संस्थान द्वारा दूसरे नवीनीकरण की अवधि 25 वर्ष किया गया था परन्तु नोडल अधिकारी, लखनऊ द्वारा की गयी आपत्ति के कारण लीज अवधि पुनः 10 वर्ष कर दिया गया था।
v.	Vital details regarding the capacity of the Ash Disposal Yard and timeline for utilization of the same up to the brim need submission.	- ऐश डाइक की कुल क्षमता – 150 लाख मीट्रिक टन । - वर्तमान स्थिति में ऐश डाइक पूरी भरी हुई है इसमें से पुराने राख को सीमेन्ट उद्योगों को भेजा जा रहा है तथा रिक्त स्थान पर नया राख डाला जा रहा है । - राख उत्पादन प्रतिदिन – 3500 से 4000 मीट्रिक टन प्रतिदिन । - संस्थान द्वारा नये ऐश डाइक बनाने के लिये स्थान का चयन कर लिया गया है तथा उसमें स्थित वृक्षों की गणना भी वन विभाग द्वारा कराया जा चुका है। वन विभाग को क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु गैर वनभूमि उपलब्ध कराने हेतु जमीन क्रय करने की प्रक्रिया चल रही है। समतुल्य गैर वनभूमि प्राप्त होते ही प्रस्ताव बनाकर एम.ओ.ई.एफ. के पोर्टल व वन विभाग के समक्ष प्रस्तुत कर दिया जायेगा । - उक्त प्रकिया के पूर्ण होने तक प्लांट को सुचारू रूप से संचालन हेतु वर्तमान ऐश डाइक के लीज को अगले 10 वर्षो के लिये नवीनीकरण किया जाना नितांत आवश्यक है।

अतः श्रीमानजी से अनुरोध है कि विषयक प्रकरण में अपने स्तर से अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें ।

सधन्यवाद,

भवदीय,
कृते हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड

(विवेक कुमार)
हेड–लीगल

संलग्नक : उपरोक्तानुसार (पॉच प्रतियों में)

Hindalco Industries Limited
P.O. Renukoot-231217, District, Sonebhadra, Uttar Pradesh, India
T: +91 5446 252077-79/254791-96 I Fax: +91 5446 252107/252427 I E: hindalco@adityabirla.com I W: www.hindalco.com
Registered Office: Ahura Centre, 1st Floor, B Wing, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai 400 093
T: +91 22 6691 7000 I Fax: 91 22 6691 7001
Corporate ID No.: L27020MH1958PLC011238